रोड जर्जर | गरीब रेखा से नीचे जीवन यापन करने वालों को रक्षाबंधन पर्व पर राशन मिलना मुश्किल

# जर्जर सड़क से पीडीएस परिवहन कार्य प्रभावित




**चिल्हारी, नवभारत 1 अगस्त।** मानपुर नगर परिषद मानपुर अंतर्गत वार्ड 11 का डंडी पहुंच मार्ग जर्जर होने से पीडीएस (जन वितरण प्रणाली) परिवहन का कार्य प्रभावित हो रहा है, जिससे जनपद क्षेत्र अंतर्गत समस्त गरीब रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों को रक्षाबंधन पर्व के पहले राशन मिल पाना असंभव दिख रहा है।

बता दे कि नगर परिषद मानपुर वार्ड 11 स्थित दुर्गा बीओटी गोदामों से एलआरटी के तहत जिले से बाहर अन्य जिलों में भी चावल परिवहन किया जाता है, साथ ही मानपुर जनपद क्षेत्र अंतर्गत सभी शासकीय उचित मूल्य की दुकानों पर राशन पीडीसी वाहनों द्वारा पहुंचाया जाता है, लेकिन वार्ड 11 की सड़क के गड्ढों की वजह से लगभग 8 दिन से एलआरटी और पीडीएस का कार्य बंद है।

### सौम्या कंस्ट्रक्शन को मरम्मत का कार्य दिया गया

पीडीएस कार्य के प्रभावित होने पर नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा कई बार नगर परिषद मानपुर में सड़क के मरम्मत कराए जाने की सूचना दी गई, लेकिन नगर परिषद मानपुर की अनदेखी के कारण नागरिक आपूर्ति विभाग के जन वितरण प्रणाली का कार्य प्रभावित हो रहा है। सूत्रों के मुताबिक नगर परिषद मानपुर द्वारा बरसात के समय सड़कों के गड्ढों को भरने की तत्कालीन व्यवस्था के लिए निविदाकार सौम्या कंस्ट्रक्शन को सड़क के मरम्मतीकरण का काम दिया गया है, लेकिन अभी तक कार्य शुरू नहीं किया गया।

### कागजों में ही सड़क के गड्ढे तो नहीं भरे जा रहे

जानकारी के अनुसार नगर परिषद हर वर्ष 10 लाख रुपए सड़क के गड्ढों को भरने के लिए खर्च करती है तो इस महत्वपूर्ण सड़क के गड्ढों को अभी तक क्यों नहीं भराया गया। नगर परिषद के जिम्मेदारों द्वारा निविदाकार सौम्या कंस्ट्रक्शन से सांठगांठ कर कागजों में ही सड़क के गड्ढे तो नहीं भरे जा रहे हैं। कलेक्टर से जनअपेक्षा है कि नगर परिषद मानपुर को निर्देशित कर वार्ड नंबर 11 डंडी पहुंच मार्ग सड़क की मरम्मत अविलंब कराई जाए, जिससे पीडीएस परिवहन का कार्य सहित डंडी गोवर्दे बैंगांव जाना आसान हो सके।



# कागजों तक सीमित हैं करौंदी का विकास

**विद्यार्थियों को हाईस्कूल कीचड़ से भरे फिसलन वाले रास्ते से जाना पड़ता है**

**शहपुरा नवभारत 1 अगस्त।** यह तस्वीर उस विकास की है जो सिर्फ कागजों में चमकता है, लेकिन जमीनी हकीकत में कीचड़ में धंसा हुआ है। यह स्थिति हैं ग्राम पंचायत करौंदी मुख्यालय स्थित हाईस्कूल की, जहां तक पहुंचने के लिए बच्चों को हर दिन कीचड़ से भरे फिसलन वाले रास्ते से करीब 2 किलोमीटर तक पैदल चलना पड़ता है। हालत इतनी खराब है कि छात्र-छात्राएं गिरते-पड़ते, एक-दूसरे का हाथ गांव वालों ने बताया कि बारिश होते ही रास्ता दलदल बन जाता है। साइकिल चलाना तो दूर, पैदल चलना भी खतरे से खाली नहीं। बच्चे रोजाना अपने कपड़े और जूते खराब कर स्कूल पहुंचते हैं। कई बार चोटिल भी हो जाते हैं, लेकिन मजबूरी है, क्योंकि पढ़ाई छोड़ना विकल्प नहीं।

### गामीणों ने कहा-प्रशासन तत्काल कदम उठाए

ग्रामीणों का सवाल है कि क्या हाईस्कूल जैसी जरूरी जगह तक पहुंचने का रास्ता बनाना प्रशासन की प्राथमिकता नहीं है? क्या बच्चों की सुरक्षा और शिक्षा सिर्फ भाषणों में महत्वपूर्ण है? ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि जल्द से जल्द इस रास्ते का पक्का निर्माण करवाया जाए ताकि बच्चों को सुरक्षित शिक्षा का अधिकार मिल सके।

# जिले में पेट्रोल पंपों की जांच जारी



**सुबखार स्थित पंप का किया गया निरीक्षण**

**डिंडौरी नवभारत 1 अगस्त।** कलेक्टर नेहा मारव्या के निर्देशन में गठित निरीक्षण टीम द्वारा जिले में संचालित पेट्रोल पंपों की सतत् जांच की जा रही है।

इसी क्रम में 1 अगस्त को जबलपुर रोड स्थित मे. विधा राजेश पेट्रोलियम, सुबखार का निरीक्षण किया गया। जांच टीम द्वारा पेट्रोल पंप के भूमिगत टैंकों में पानी के रिसाव की जांच कर पानी मिश्रण परीक्षण किया गया। साथ ही पंप पर लगे अग्निशामक यंत्रों की स्थिति, विस्फोटक लाइसेंस की वैधता, हवा-पानी की उपलब्धता, शौचालय सुविधा एवं साफ-सफाई की स्थिति का भी अवलोकन किया गया।

### पेट्रोल में पानी के मिश्रण की पुष्टि नहीं हुई

इसके अतिरिक्त प्रतिदिन पंप संचालकों द्वारा की जाने वाली पेट्रोल-डीजल की डेन्सिटी जांच, स्टॉक संग्रहण, 5 लीटर जार में डिलीवरी की शुद्धता जांच तथा अन्य आवश्यक मापदंडों की भी बारीकी से जांच की गई। अब तक की गई जांच में किसी भी पेट्रोल पंप में पानी मिश्रण की पुष्टि नहीं हुई है। जिले के समस्त पेट्रोल पंपों पर निरीक्षण की यह कार्यवाही चरणबद्ध रूप से जारी है।



# पहलवानों ने दिखाए शानदार दांव-पेच

**ग्राम टिकरिया में कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन**

**शहपुरा नवभारत 1 अगस्त।** शहपुरा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत टिकरिया में कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें न केवल स्थानीय पहलवानों ने भाग लिया, बल्कि दूर-दूर से आए नामी पहलवानों ने भी दांव पेच का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ गांव के प्रधान एवं विशेष अतिथि द्वारा किया गया। आयोजन स्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ी और सभी ने दंगल का भरपूर आनंद लिया। प्रतियोगिता के दौरान कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। विजेताओं को पुरस्कार स्वरूप नकद राशि, ट्रॉफी एवं सम्मान पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के आयोजन में ग्राम पंचायत, युवा समिति और ग्रामीणों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### हादसों को रोकने मवेशियों के सींग पर लगाए जा रहे रेडियम के पट्टे

**नवभारत कटनी।** नगर निगम की हांका गेंग द्वारा सार्वजनिक सड़कों पर आवारा घूमने वाले बेसहारा गौवंशों को सुरक्षित कांजी हाउस और गौशाला भेजने की कार्रवाई की जा रही है। सुगम और सुरक्षित आवागमन व्यवस्था के मद्देनजर और मवेशियों को हादसों को बचाने के लिए रेडियम पट्टे पहनाए जा रहे हैं। सींग में रेडियम लगाने का अभियान शुरू किया गया। इस अभियान के तहत जहां सुगम आवागमान की सुविधा के लिए अब तक नगर के लगभग चार सैकड़ा से अधिक गौवंशों को पकड़कर कांजी हाउस भेजा गया है। वहीं नवाचार के तहत अब तक एक सैकड़ा से अधिक गौवंशों को रेडियम पट्टे पहनाए गए हैं, जो रात में वाहन की लाइट पड़ते ही चमकने लगते हैं। वाहन चालक दूर से ही गायों को देख पाते हैं और समय रहते अपनी गाड़ी की रफ्तार नियंत्रित कर लेते हैं।



# जन्म के 24 घंटे के अंदर किया ई-केवाईसी

**शहपुरा नवभारत 1 अगस्त।** महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत परियोजना शहपुरा अंतर्गत सेक्टर शहपुरा शहरी में वार्ड क्रमांक 9 की कार्यकर्ता अनीता साहू की तत्परता से वार्ड में हितग्राही जया कछवाहा की बच्ची अनाया का जन्म के कुछ ही घंटे के अंदर केवाईसी एवं आधार फेस मैचिंग किया गया, साथ ही हितग्राही का लाडली लक्ष्मी का फार्म भी तत्काल भरा गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को जैसे ही जानकारी लगी कि उसके वार्ड के हितग्राही की बालिका का जन्म हुआ है तो वह तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शहपुरा पहुंची और वहां जाकर नवजात बच्ची की केवाईसी एवं फेस कैपचरिंग कार्य किया एवं हितग्राही को लाड़ली लक्ष्मी योजना के लिए फॉर्म भी भरा।

## एक नजर में



### व्यापारी संघ के अध्यक्ष संजय ने किया रक्तदान

**डिंडोरी नवभारत 1 अगस्त।** जिला व्यापारी संघ के अध्यक्ष संजय जैन ने जिला अस्पताल में एक जरूरतमंद मरीज को रक्तदान कर मानवता की अनुकरणीय मिसाल पेश की। यह नेक कार्य डिंडोरी जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में संपन्न हुआ, जहां उनकी इस पहल ने स्थानीय समुदाय में जागरूकता और प्रेरणा का संदेश दिया। संजय जैन ने रक्तदान के बाद कहा, रक्तदान एक ऐसा कार्य है, जो न केवल किसी की जिंदगी बचाता है, बल्कि समाज के प्रति हमारी नैतिक जिम्मेदारी को भी दर्शाता है। डिंडोरी जैसे क्षेत्र में, जहां चिकित्सा सुविधाओं की कमी एक चुनौती है, रक्तदान जैसा छोटा प्रयास बड़ा बदलाव ला सकता है।



### वन अधिकार पट्टा दिए जाने के सम्बन्ध में कार्यशाला आयोजित

**डिंडौरी नवभारत 1 अगस्त।** कलेक्टर नेहा मारव्या द्वारा जिले में वन अधिकार पट्टों के वितरण की गति में सुधार हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट आडीटोरियम हाल में वन अधिकार नियम 2006 अंतर्गत वन अधिकार पट्टा दिए जाने के सम्बन्ध में कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमे जिले के सातों विकासखंड के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, क्षेत्रीय संयोजक जनजातीय कार्य विभाग श्वेता अग्रवाल एवं उक्त विकासखंड अंतर्गत 86 वनग्राम के सभी सचिव, पटवारी, बीट गार्ड उपस्थित रहे, जिन्हें वन मित्र पोर्टल पर वन अधिकार पट्टे वितरण किये जाने के सम्बन्ध में विस्तृत प्रक्रिया की जानकारी प्रोजेक्टर के माध्यम से दी गई। वन अधिकार हेतु नियत प्रक्रिया ग्राम स्तर पर ग्राम स्तरीय वन अधिकार समिति, अनुविभाग स्तर पर उपखंडस्तरीय वन अधिकार समिति एवं जिलास्तर पर जिलास्तरीय वन अधिकार समिति कुल तीन स्तर पर आवेदन की प्रक्रिया में आने वाली समस्याओं के निराकरण हेतु सुझाव दिये गए। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग राजेन्द्र कुमार जाटव, अनुविभागीय अधिकारी; राजस्व बजाग रामबाबू देवांगन एवं अनुविभागीय अधिकारी; वन अनुविभाग डिंडोरी सुरेन्द्र कुमार जाटव द्वारा प्रशिक्षण दिया गया, साथ ही एक सप्ताह पश्चात पुन: आवेदनों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा कर वन अधिकार पट्टों के सम्बन्ध में प्रगति की समीक्षा किये जाने हेतु आगामी कार्यवाही से अवगत कराया जाएगा।

# बाबा खाटूश्याम प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा

**काशी विश्वनाथ के आचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चार से किया पूजन व हवन**





**उमरिया नवभारत 1 अगस्त।** जिले के बिरसिंहपुर पाली रेलवे कॉलोनी स्थित चंडी माता मंदिर परिसर में दो दिवसीय कार्यक्रम में 30 जुलाई को माता बिरासनी देवी मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई, जिसके बाद 31 जुलाई को बाबा खाटूश्याम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा आचार्य आनंद कुमार मिश्रा, शिवानंद मिश्रा और शुभम मिश्रा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना व हवन कराया गया। कन्या भोजन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया।

उल्लेखनीय है कि बाबा श्याम की प्राण प्रतिष्ठा सेक्शन इंजीनियर रेल पथ अधिकारी सतीश साहू के अथक प्रयासों से एक भव्य मंदिर तैयार किया गया, जहां मां चंडी माता और भगवान शिव, हनुमान, शनि देव और अब बाबा खाटू श्याम भी इस विशाल मन्दिर स्थापित किये गए। श्रावण मास में भगवान शिव का रुद्राभिषेक भी यहां किया गया। कार्यक्रम समाज सेवी राजा दास, राकेश बर्मन, सुजीत कुमार, सीनू राव, सीएच राजू, प्रेमलता बर्मन सहित सैकड़ों अधिकारियों और कर्मचारियों के सहयोग से संपन्न हुआ।

### भजन संध्या का किया आयोजन

भजन संध्या के आयोजक मनु उपाध्याय की टीम से शहडोल संभाग की मशहूर भजन गायिका अंजली अम्बे गुप्ता ने बाबा खाटू श्याम के भजनों से उपस्थित श्रद्धालुओं को खाटू श्याम का दीवाना बना दिया। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष दिलीप पांडे, एसडीएम अंबिकेश प्रताप सिंह, एसडीओपी शिव चरण बोहित, थाना प्रभारी राजेश चन्द्र मिश्रा सहित झंझरिया कंपनी के जीएम मुरलीधर मिश्रा आदि उपस्थित रहे।



# आकांक्षा हाट में दिखीं स्थानीय उत्पादों की झलक

**डिंडोरी नवभारत 1 अगस्त।** नीती आयोग एवं जिला प्रशासन डिंडोरी के सौजन्य से 1 अगस्त को आकांक्षा हाट का विधिवत शुभारंभ रुद्रेश परस्ते, जिला पंचायत अध्यक्ष डिंडोरी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में चमरू सिंह नेताम जिला अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी, अंजू जितेन्द्र ब्यौहार उपाध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारि भी मौजूद रहे।आकांक्षा हाट में स्थानीय कलाकारों एवं स्व-सहायता समूहों द्वारा उत्पादित विविध पारंपरिक एवं आधुनिक उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई। इनमें प्रमुख रूप से कोदो-कुटकी आधारित पोषक उत्पाद, लौह अगरिया की पारंपरिक कलाकृतियां, बांस शिल्प, शुद्ध प्राकृतिक शहद, कोल्ड प्रेशराइज्ड कच्ची घानी तेल, पाटनगढ़ की गोंडी चित्रकला, जैविक खाद एवं उर्वरक, कृषि आधारित उत्पाद तथा मैक्रोनी आर्ट सम्मिलित थे।

### स्थानीय उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराना मुख्य उद्देश्य

आकांक्षा हाट का मुख्य उद्देश्य स्थानीय उत्पादों को एकीकृत मंच प्रदान कर आकांक्षा ब्रांड के अंतर्गत उन्हें बाजार उपलब्ध कराना है, जिससे ग्रामीण महिलाओं, स्व-सहायता समूहों एवं कारीगरों की आय में वृद्धि सुनिश्चित की जा सके। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा आकांक्षा हाट को केंद्र एवं राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों एवं नीति आयोग के मार्गदर्शन में संचालित आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम के अंतर्गत एक अनूठी पहल बताया गया। यह पहल न केवल स्थानीय आर्थिक सशक्तिकरण का माध्यम है, बल्कि कोई भी पीछे न छूटे की भावना को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

बैठक | शासन ने जारी की तकनीकी और प्रशासकीय स्वीकृति, जिला पंचायत में बैठक आयोजित

# नर्मदा परिक्रमा पथ पर बनेंगे आश्रय स्थल और होगा पौधा रोपण



**डिंडोरी नवभारत 1 अगस्त।** नदियों के उद्गम स्थलों पर फेंसिंग कराते हुये पौधा रोपण कार्य कराने और नर्मदा परिक्रमा पथ पर आश्रय स्थलों के लिये चिन्हाकित भूमि पर फेंसिंग और पौधा रोपण के लिये प्रदेश शासन पंचायत एंव ग्रामीण विकास विभाग द्वारा तकनीकी एवं प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर ग्राम पंचायतों के माध्यम से कार्य कराने के लिये पत्र जारी किया है। इसकी तैयारियों को लेकर जिला पंचायत सभाकक्ष में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर की उपस्थिति में बैठक आयोजित हुई।

इस योजना के तहत जिले की सात नदियों का चिन्हाकन कर शासन द्वारा तकनीकी एवं प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। जनपद पंचायत बजाग के चांडा से निकलने वाली बुढनेर, करंजिया के चौरादादर से निकलने वाली तुराड नदी, डिण्डौरी के धनुवासागर से निकलने वाली लमती नदी, और छिवलीमाल से निकलने वाली सिलगी नदी, मेंहदवानी के राड़ई ग्राम पंचायत से निकलने वाली दनदना नदी, शहपुरा के टिकरासरई से निकलने वाली छोटी महानदी, और संग्रामपुर से निकलने वाली कसा नदी के उद्गम में फेंसिंग और पौधा रोपण का कार्य किया जाना है। साथ ही नर्मदा परिक्रमा पथ के चिंहाकित भूमि पर आश्रय स्थलों के निर्माण में शामिल भूमि के भाग में फेंसिंग और पौधा रोपण का कार्य किया जाना है।

### इन ग्राम पंचायतों में होगा कार्य

जिले में नर्मदा परिक्रमा पथ में आश्रय निर्माण के लिये जनपद पंचायत अमरपुर की ग्राम पंचायत रमपुरी, जनपद डिण्डौरी की ग्राम पंचायत उदरी माल, मडियारास, केवलारी, घुसियामाल, औरई, रयपुरामाल, रूसामाल, सुबखार, धुर्रा, मुढियाकला, इमलईमाल, हिनौता, जनपद बजाग की ग्राम पंचायत शौभापुर, मझियाखार, कारोपानी, खरगहना, सुनहादादर, पथरकुचा रैयत, जनपद करंजिया की ग्राम पंचायत रूसा, कबीर, गारकामट्टा, मेंढाखार, मूसामुंडी, खन्नात और जनपद शहपुरा की ग्राम पंचायत मालपुरमाल, राखीमाल, दूबामाल, देवरीमाल में आश्रय स्थल के लिये चिन्हाकित भूमि पर फेंसिंग और पौधा रोपण के कार्य की स्वीकृति दी गई है।

### अधिकारी कार्य प्रारंभ करने की तैयारी करें : सीईओ

सीईओ जिला पंचायत ने निर्देशित किया कि बैठक में शामिल ग्राम पंचायतों के उपयंत्री, सहायक यंत्री एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत स्थल का निरीक्षण कर शासन के दिशा निर्देशों के अनुरूप शासकीय भूमि का राजस्व रिकार्ड से सत्यापन करते हुये भूमि का आरक्षण व आवंटन कराते हुये पंचायत दर्पण पोर्टल पर फेंसिंग कार्य का वर्क कोड बनाते हुये कार्य प्रारंभ करने की तैयारी करें। सीईओ जिला पंचायत ने निर्देशित किया कि कार्य शासन के दिशा-निर्देश के अनुसार अनुपयुक्त होने से निरस्त किये जाने और स्थल परिवर्तन की स्थिति में विस्तृत प्रतिवेदन ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव के साथ उपयंत्री, सहायक यंत्री और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत प्रस्तुत करें।



### 100 लीटर नर्मदा जल से किया भोलेनाथ का जलाभिषेक

**शहपुरा नवभारत 1 अगस्त।** श्रावण के महीने में आस्था और भक्ति का रंग एक बार फिर देखने को मिला। नगर के गौरव साहू ने इस वर्ष भी अपनी अटूट श्रद्धा का परिचय देते हुए मालपुर के कन्हैया संगम घाट से 100 लीटर नर्मदा जल भरकर एक लंबी कांवड़ यात्रा की। गौरव, जिन्हें नगर में सबसे अधिक जल लाने वाले युवाओं में गिना जाता है, ने यह पवित्र जल शहपुरा के शिवालय में स्थित शंकर को अर्पित किया। गौरव की यह यात्रा सिर्फ एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि युवाओं के लिए आस्था और समर्पण का एक प्रेरणादायक संदेश भी है।